हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 9 जुलाई 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

दशकों पुरानी अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन निर्माण की मांग हुई तेज 4



## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक स्थगित

**बलरामपुर।** जिला पंचायत बलरामपुर-रामानुजगंज के सामान्य सभा की बैठक 9 जुलाई को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी, उक्त बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। आगामी बैठक की जानकारी पृथक से दी जाएगी।

### डॉ.खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**अम्बिकापुर।** कृषि विभाग द्वारा कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट, नवोन्मेषी और अनुकरणीय कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य के सर्वोच्च सम्मान डॉ.खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक किसान 31 जुलाई तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। पारंपरिक खेती से हटकर कृषि में नवाचार, जैविक/प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, उन्नत कृषि यांत्रिकीकरण, जल संरक्षण या कृषि विपणन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले किसान पात्र है। उप संचालक कृषि या वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क फार्म प्राप्त कर सकते है।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** बाइक के पेड़ से टकराने तथा चलते वाहन से गिरने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के झगराखांड निवासी सुरेश आ. कुंवर सिंह (22 वर्ष) 6 जुलाई को परिजन को बिना बताए ही दोस्त अनिल व एक अन्य के साथ निकले थे। 7 जुलाई की दोपहर बाइक सवार जैसे ही मनेन्द्रगढ़ बिहारपुर मोड़ के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गए। दुर्घटना में सुरेश व अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां सुरेश की उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं घायल अनिल का उपचार जारी है। दूसरी घटना में जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी निवासी कमलेश्वर आ. बागर साय कवंर लटोरी स्थित ईट भट्ठा में मजदूरी का काम करता था। सोमवार को मिनी ट्रक में ईट लोड कर चालक व खलासी के साथ जगतपुर पहुंचाने जा रहे थे। कमलेश्वर खलासी के साथ गेट के पास बैठा था। जैसे ही चालक वाहन चलाने लगा तभी अचानक वाहन का गेट खुल जाने से चलते वाहन से सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लटोरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने मजदूर की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# प्रसव के दौरान प्रसूता और बच्चे की मौत, दाई से करा रहे थे डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के लखनपुर क्षेत्र में गर्भवती महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत का मामला सामने आया है।

- अस्पताल नहीं लेकर गए परिजन, खून की कमी से जूझ रही थी महिला, लखनपुर क्षेत्र का मामला

महिला की डिलीवरी घर में ही कराई गई थी। इधर स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि महिला को खून की कमी थी और बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गई थी लेकिन परिजन ने घर में ही दाई से उसका प्रसव कराया। इस दौरान ही दोनों की मौत हो गई। महिला और उसका आपत्ति हाल ही में तमिलनाडु से लौटे थे।



बताया जा रहा है कि लखनपुर विकासखंड के ग्राम सकरिया दर्रीडुगु निवासी 26 वर्षीया सुखनी मझवार पति दिनेश मझवार आठ माह की गर्भवती थी। इस दौरान 6 जुलाई को प्रसूता को प्रसव पीड़ा होने पर घर में ही दाई द्वारा प्रसव कराया जा रहा था। सुबह लगभग 9.30 बजे प्रसव कराने के दौरान प्रसूता सुखनी मझवार और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा के मौत की सूचना मिलने के बाद आरएमए डॉ. विनोद कुमार भार्गव भी गांव में पहुंचे थे जिसके बाद मृतिका के पति व परिजन के बयान दर्ज किए गए लेकिन इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए है। बड़ी बात यह है कि प्रसूता महिलाओं के स्वास्थ्य पर निगरानी रखने के स्पष्ट निर्देश है और समय समय पर प्रसूताओं की एएनसी जांच के साथ ही सम्पूर्ण उपचार कराना होता है ताकि जच्चा बच्चा को कोई खतरा न हो। मातृत्व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए यह अभियान चलाया गया है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी स्थिति दयनीय हो चुकी है।

### दी गई थी आयरन सुक्रोज चढ़ाने की सलाह

जच्चा बच्चा की मौत की सूचना के बाद आरएमए और मितानिन गांव पहुंचे। इस दौरान मृतिका के पति और परिजन का बयान दर्ज किया गया। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि प्रसूता को गांव की मितानिन 24 जून को गर्भवती जांच के लिए पीएचसी कुन्नी लेकर गई नही थी। जांच के दौरान प्रसूता का एचबी 6.6 ग्राम व बीपी 154/ 113 था। चिकित्सक द्वारा प्रसूता को खून की कमी पाई जाने पर आयरन शुक्रोज चढाने के लिए पीएचसी बुलाने के साथ ही जिला अस्पताल जाने की सलाह दी गई थी लेकिन परिजन महिला को लेकर अस्पताल नहीं गए।

### एक महीने पहले लौटे थे घर

बताया जा रहा है कि मृतिका सुखनी मझवार व दिनेश मझवार तमिलनाडू में रहकर काम करते थे। वे 14 जून को ही अपने गृह ग्राम लौटे थे। इसके अब्द मितानिन ने मिलकर उकी जांच कराई और अस्पताल जाने की सलाह दी थी। पूछताछ के दौरान पति और परिजन ने जल्दबाजी और बारिश के कारण हॉस्पिटल नही जाने और सुईन दाई से प्रसव कराने की बात स्वीकार की है।

### चल रही है जांच

प्रसूता महिला को खून की कमी थी और उन्हें अस्पताल जाने की सलाह दी गई थी। परिजन ने घर में ही प्रसव कराया। इस मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।

-डॉ. प्रेम सिंह मार्को
सीएमएचओ

## चार दिनों तक चलती रही विवाह की रस्में

# इंद्रदेव को प्रसन्न करने ग्राम खुंशी के ग्रामीणों ने रचाया मेढक-मेढकी का विवाह





मेढ़क-मेढ़की का विवाह रचाते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/प्रतापपुर

लम्बे इंतजार के बाद ग्रामीण अब बारिश के लिए इंद्रदेव को मनाने की कोशिशें शुरू कर दिए हैं। ग्राम पंचायत खुशी में ग्रामीणों ने वर्षा के लिए डीजे के साथ बारात निकालकर धूमधाम से मेढक एवं मेढ़की का विवाह रचाया। गांव के बैगा ने विधि विधान से मेढ़क-मेढ़की का विवाह संपन्न कराया।

**खास बात**

- डीजे की धुन पर निकली बारात
- सभी समुदाय के ग्रामीणों ने की भागीदारी

इस बार कम बारिश होने के कारण खरीफ खेती पिछड़ रही है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण किसान अभी तक न तो धान का धरहा लगा पाए हैं न ही मक्का एवं दलहन एवं तेलहन फसलों की ही बुनाई कर पाए हैं। लम्बे इंतजार के बावजूद बारिश नहीं होने पर ग्रामीण इंद्रदेव के कुपित होने एवं उन्हें प्रसन्न करने के लिए परंपरानुसार मेढ़क-मेढ़की का विवाह रचा रहे हैं। सूरजपुर जिला अंतर्गत प्रतापपुर तहसील में अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम बारिश होने के कारण किसान काफी चिंतित है। ग्राम पंचायत खुंशी के ग्रामीणों का मानना है कि इंद्रदेव के प्रसन्न होने पर ही पर्याप्त वर्षा होती है जबकि उनके नाराज होने पर कम या अत्यधिक वर्षा होती है। क्षेत्र में कम वर्षा होना इंद्रदेव की नाराजगी का प्रतीक है। इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए ग्रामीणों ने मेढ़क-मेढ़की का विवाह रचाने का निर्णय लिया तथा सरपंच रामजय रते को स्थिति से अवगत कराया तो पुरखों की परंपरा का पालन करने के लिए तुरंत तैयार हो गए। गांव के सभी लोगों को सूचना दी गई। मानसून की बेरूखी से परेशान ग्रामीण भी तैयार हो गए तथा सामर्थ्य के अनुसार भोज के लिए चावल, दाल, सब्जी सहित अन्य सामग्रियों को जुटाने लगे जबकि सरपंच रामजय रंते ने अन्य सभी जरूरतें पूरी करने की जिम्मेदारी संभाली गांव के बैगा जयनाथ ने विवाह के पूर्व चार दिनों तक मण्डप मटकोड़ सहित अन्य रस्मों की तिथि तथा पांचवें दिन विवाह की तिथि निर्धारित की। बैगा द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार ग्रामीणों ने सभी रस्मों को पूरा किया तथा मंगलवार को धूमधाम से बारात निकालकर मेढ़क-मेढ़की का विवाह रचाया गया।

### इस तरह पूरी हुई रस्में

गांव के आदित्य राजवाड़े ने बताया कि बैगा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कठोरी पूजा स्थल से सटे रांगढोढ़ी के पास मेढ़क-मेढ़की को पकड़ा एवं परम्परागत तरीके से मंडप, हल्दी आदि की रस्में पूरी की गई। मेढ़क-मेढ़की के विवाह के लिए ग्रामीणों ने रांगढोढ़ी के पास ही मंडप बनाया तथा सभी रस्मों को पूरा किया। इन वैवाहिक रस्मों में गांव की महिलाओं ने भी उत्साह के साथ भागीदारी की। इस दौरान हंसी-ठिठौली, विवाह गीत एवं घंटो पारंपरिक नृत्य की भी प्रस्तुतियां हुई। मंगलवार को डीजे की धुन पर मेढ़क-मेढ़की की बारात निकली। बारात के लिए चार डीजे की व्यवस्था की गई थी। गांव के युवा एवं महिलाएं डीजे की धुन पर थिरकते विवाह स्थल पर पहुंचे जहां बैगा ने मेढ़क-मेढ़की के विवाह की रस्में पूरी कराई। विवाह में वर एवं कन्या पक्ष की जिम्मेदारी बैगा परिवार ने ही निभाई। इस दौरान गांव की महिलाएं घंटों नृत्य करती रही। विवाह संपन्न होने के बाद मेढ़क-मेढ़की को वापस रांगढोढ़ी में छोड़ दिया गया। विवाह उपरांत गांव के सभी चार मोहल्लों में भोज हुआ। भोज का गांव के सभी लोगों ने लुत्फ उठाया। गांव के दलदलीपारा, नवापारा, जूनापारा एवं कोदवारी पारा में अलग-अलग ग्रामीणों को भोज की तैयारियों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### पिछड़ रही खेती

वर्षा नहीं होने के कारण खेती पिछड़ रही है। वर्षा के लिए क्षेत्र में मेढ़क-मेढ़की का विवाह रचाने की परम्परा है। बुजुर्गों की सहमति से गांव में उत्साहपूर्वक मेढ़क-मेढ़की का विवाह रचाया गया।

-रामजय रंते, सरपंच, खुंशी

# यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार प्रधान आरक्षक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लुचकी घाट के समीप यात्री बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार प्रधान आरक्षक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए प्रधान आरक्षक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बताया जा रहा है प्रधान आरक्षक बतौली क्षेत्र से शहर की ओर आ रहे थे तभी दुर्घटना हुई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम बोदा मानापारा निवासी प्रधान आरक्षक श्रीराम लकड़ा आ. धनसाय (53 वर्ष) गांधीनगर पुलिस हाउस में परिवार के साथ रहता था और पुलिस लाइन में पदस्थ था। हर रोज की भांति सोमवार की सुबह पत्नी को ड्यूटी जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। रात में श्रीराम लकड़ा के घर नहीं आने पर रात लगभग 11 बजे पत्नी फोन की लेकिन पति द्वारा कोई जवाब नहीं देने पर यह सोचकर सो गई कि पति ड्यूटी में होंगे। आज सुबह पड़ोसी ने बताया कि सोमवार की शाम लुचकी घाट के समीप एक्सीडेंट हुआ है। घटना की जानकारी लगते ही पत्नी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची तो देखा पति मृत हालत में मरच्यूरी कक्ष में पड़ा था। मृतक प्रधान आरक्षक की पहचान हो जाने पर मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। अंदेशा लगाया जा रहा है प्रधान आरक्षक पुलिस लाइन में ड्यूटी करने के पश्चात अपने घर बतौली बोदा चले गए जहां से शाम को आते समय यात्री बस के चपेट में आ गए।

# रात्रि गस्त के दौरान डायल 112 पिकअप वाहन के बीच भिड़ंत

**वाड्रफनगर।** रात्रि गस्त के दौरान पुलिस की दयाल 112 वाहन हादसे का शिकार हो गई। रात्रि गस्त और आपातकालीन ड्यूटी के दौरान तेज रफ्तार पिकअप और डायल 112 वाहन में भिडंत हो गई। इस घटना में आरक्षक और चालक को हल्की चोट आई है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज करने के साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

- आरक्षक व चालक को आई चोटें, अपराध दर्ज



बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात्र डायल 112 की टीम रात्रि गस्त और आपातकालीन ड्यूटी पर निकली हुई थी। इस दौरान अचानक ही मंडी में चलने वाले पिकअप वाहन और डायल 112 वाहन के बीच भिडंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही वाड्रफनगर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई और समय पर उपचार मिलने से दोनों की स्थिति सामान्य है। पुलिस ने दुर्घटना के बाद पिकअप वाहन चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने सहित संबंधित धाराओं के तहत मामला ⏭ शेष पेज 4 पर

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-वाराणसी अंतरराज्यीय मार्ग पर मंगलवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा रात करीब 12 बजे लटोरी थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव के पास हुआ, जहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।

- कनकपुर व वीरपुर गांव में पसरा मातम

सूचना मिलते ही लटोरी पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों युवकों के शवों को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी भेजा। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। मृतकों की पहचान प्रकाश सिंह (20 वर्ष) पिता शंभु सिंह, निवासी ग्राम कनकपुर, संदीप राजवाड़े (21 वर्ष) पिता गणेश प्रसाद राजवाड़े, निवासी वीरपुर तथा बलवीर यादव (18 वर्ष) पिता जगलाल यादव, निवासी वीरपुर, थाना जयनगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, तीनों युवक घर से हीरो पैशन मोटरसाइकिल से सिलफिली मंडी जाने की बात कहकर निकले थे। गंगापुर के पास उनकी बाइक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। घटना के बाद कनकपुर और वीरपुर गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार दोपहर बाद तीनों युवकों का स्थानीय मुक्तिधाम में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।गौरतलब है कि अंबिकापुर-वाराणसी मार्ग पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियानों के बावजूद लोग नियमों की अनदेखी करते हुए एक ही बाइक पर तीन-तीन लोगों के साथ यात्रा करते हैं। वहीं, व्यस्त राष्ट्रीय मार्ग पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और प्रभावी यातायात प्रबंधन की कमी को भी दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है।



## राहवीर योजना के तहत दी जाती है नगद राशि व प्रशस्ति पत्र

# डीजीपी ने गोल्डन आवर में जान बचाने वालों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सड़क दुर्घटना के दौरान गोल्डन ऑवर में घायलों की मदद कर अस्पताल पहुचाने वाले नागरिकों को राहवीर योजना के तहत सम्मानित किया गया। पिछले दिनों सरगुजा प्रवास पर पहुंचे डीजीपी अरुण देव गौतम ने दुर्घटना के बाद के महत्वपूर्ण समय पर घायल व्यक्तो को अस्पताल पहुचाने वालों को राहवीर योजना के तहत नगद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।




बता दें कि भारत सरकार द्वारा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की एक पहल है राह-वीर योजना जो सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के बाद का महत्वपूर्ण समय) में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल या ट्रामा सेंटर पहुंचाने वाले नेक व्यक्ति को राह-वीर योजना अंतर्गत गुड सेमेरिटन नागरिक को 25 हजार रूपये देने का प्रावधान है। इस अभियान के तहत रेंज स्तर पर सार्थक प्रयास करने वाले व्यक्तियों राह-वीर योजना के तहत नगद इनाम व प्रशस्ति पत्र से नवाजा जा रहा है। इस दौरान सरगुजा संभाग के प्रवास पर पहुंचे डीजीपी अरूण देव गौतम ने कोरिया में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित उपचार हेतु समय पर अस्पताल पहुंचाने में अपनी गुड सेमेरिटन का मिशाल पेश करने वाले दोनों व्यक्तियों की सराहना की। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा मितान अंतर्गत कुल 70 लोगों को फस्ट एड किट वैग का वितरण किए। इसी प्रकार जिला जशपुर के प्रियांश भगत एवं श्रवण कुमार द्वारा अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को समय पर तत्काल उपचार हेतु अस्पताल व ट्रामा सेंटर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाये जाने पर जशपुर पुलिस द्वारा राहवीर योजना के अंतर्गत दोनों नेक व्यक्तियों को 25-25 हजार का प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। जिला सरगुजा व जिला एमसीबी में एक्सीडेन्ट में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को प्रताप दास जिला सरगुजा व जिला एमसीबी से विनोद साहू, मोहम्मद जाकिर व शाहनवाज द्वारा गोल्डन ऑवर में गंभीर रूप से घायलों की मदद व सराहनीय कार्य करने में अपनी अहम भूमिका निभाये जाने पर जिले के पुलिस अधीक्षकों द्वारा पत्राचार करते हुये ⏭ शेष पेज 4 पर

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### किसानों को अरहर बीज वितरित



**बैकुण्ठपुर।** ग्राम पंचायत मनसुख में कृषि विभाग द्वारा आत्मनिर्भरता दलहन मिशन योजना एवं राष्टीय पोषण सुरक्षा मिशन दलहन योजना के अंतर्गत अरहर बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चिल्का, मनसुख, गदबदी, अमरपुर, सारा, पोटेडांड़ एवं दोहड़ा के कुल 47 कृषकों को निःशुल्क अरहर बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती खुसरो, जिला कृषि स्थायी समिति की सभापति स्नेह लता उदय, ग्राम पंचायत मनसुख की सरपंच दिलकुंवर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वंदना सिंह श्याम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी त्रिभुवन सिंह परस्ते, राकेश कुमार पैकरा, कुलदीप कुशवाहा, रोजगार सहायक रामबाई, जनप्रतिनिधि, विभागीय कर्मचारी एवं काफी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

### उत्तराखंड के सीएम से मिले साहित्यकार संवर्त



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के साहित्यकार, समाजसेवी संवर्त कुमार रूप ने उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान देवभूमि उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, संस्कृति, पर्यटन और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने संवर्त कुमार रूप को पहाड़ी किसान महिलाओं द्वारा निर्मित हाउस ऑफ हिमालय के उत्पाद एवं हिमालयी शॉल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संवर्त वर्तमान में जनहित संघ एवं पंडो विकास समिति के केन्द्रीय उपाध्यक्ष हैं।

### एसईसीएल कर्मियों के लिए स्वास्थ्य परामर्श शिविर

**चरचा।** वीवाय हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से तथा कोल इंडिया लिमिटेड चरचा कालरी के संयुक्त तत्वावधान में एसईसीएल कर्मचारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन 10 जुलाई को प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक एसईसीएल क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा में किया जाएगा। शिविर में डॉ. आनंद जोशी ऑर्थोपेडिक सर्जन, डॉ. राजेश अग्रवाल एमडी मेडिसिन, डॉ. सुधीर श्रीवास्तव लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन, डॉ. अनिल कर्णावत जनरल सर्जन, डॉ. के रवि राव त्वचा रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।

### माय भारत पोर्टल पर युवा पंजीयन बढ़ाने पर जोर

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी तथा जिला सलाहकार समिति की अध्यक्ष सुश्री संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सलाहकार समिति (माय भारत) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिक से अधिक युवाओं का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराने तथा वार्षिक कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला युवा अधिकारी सुश्री चहल कैलाशिया ने बताया कि शैक्षणिक संस्थानों, ग्राम पंचायतों, विभिन्न विभागों, गैर-सरकारी संगठनों एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से अधिक से अधिक युवाओं का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाएगा।

**जज्बा**

### आस्था, साहस और संकल्प की मिसालः नगरवासियों ने मुक्त कंठ से सराहना करते हुए दी विदाई

# तिरुपति बालाजी के दर्शन के लिए 2200 किमी की साइकिल यात्रा पर निकले मनेंद्रगढ़ के दो युवा

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

आस्था, आत्मविश्वस और दृढ़ संकल्प का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मनेन्द्रगढ़ के दो युवा दुर्गेश गिरि एवं रामनारायण केवट तिरुपति बालाजी के पावन दर्शन के लिए लगभग 2200 किमी की साइकिल यात्रा पर रवाना हुए। दोनों युवाओं ने करीब 22 दिनों में यह लंबी और चुनौतीपूर्ण यात्रा पूरी करने का संकल्प लिया है। उनके इस साहसिक निर्णय की नगरवासियों ने मुक्त कंठ से सराहना करते हुए शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। यात्रा का शुभारंभ मनेन्द्रगढ़ स्थित श्रीराम मंदिर से धार्मिक विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। मंदिर परिसर में काफी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंदिर के पुजारी पंडित ऊं नारायण द्विवेदी ने दोनों युवाओं का तिलक कर भगवान श्रीराम एवं तिरुपति बालाजी का स्मरण कराया तथा उनकी सुरक्षित एवं सफल यात्रा के लिए विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी ने दोनों युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के समय में जब युवा सुविधाओं के बीच जीवन जीने के आदी होते जा रहे हैं, ऐसे में दुर्गेश गिरि और रामनारायण केवट ने साइकिल से तिरुपति बालाजी की यात्रा का संकल्प लेकर पूरे समाज के सामने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, पर्यावरण संरक्षण और शारीरिक क्षमता का भी संदेश देती है। हमें विश्वास है कि दोनों युवा अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा कर मनेन्द्रगढ़ का नाम गौरवान्वित करेंगे। नगरवासियों की शुभकामनाएं और भगवान का आशीर्वाद उनके साथ है। कार्यक्रम में पार्षद अजय जायसवाल, रवि जैन, एल्डरमैन हीरालाल रजक, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाफिज मेमन, अमित पुरी, समाजसेवी विमलेश अग्रवाल, हरीश गुप्ता, अमित कक्कड़, संजीव श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पमाला पहनाकर एवं शुभकामनाएं देकर दोनों युवाओं का उत्साह बढ़ाया। नगरवासियों ने कहा कि यह यात्रा केवल दो युवाओं की व्यक्तिगत धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। कठिन परिस्थितियों में भी लक्ष्य के प्रति समर्पण, धैर्य और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश यह यात्रा देती है। लगभग 2200 किमी का सफर साइकिल से तय करना आसान नहीं है, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति और ईश्वर में अटूट विश्वास के बल पर असंभव दिखने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दोनों यात्रियों की कुशलता, सुरक्षित सफर और सफल दर्शन की कामना करते हुए भगवान श्री वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) से प्रार्थना की कि उनकी कृपा सदैव इन दोनों युवाओं पर बनी रहे। साथ ही कामना की गई कि वे सकुशल तिरुपति पहुंचकर दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करें और यात्रा पूर्ण कर स्वस्थ एवं सुरक्षित मनेन्द्रगढ़ लौटें।



यात्रा पर रवाना होते युवा।

### बिजली जाते ही गायब हो जाता है मोबाइल नेटवर्क

# 10 दिनों से दर्जनभर गांव अंधेरे में

हरिभूमि न्यूज. नगर

जिले के विकासखंड बैकुंठपुर के ग्राम नगर, उमझर, बिशुनपुर, रटगा, जुनापारा, तिलवनडांड, दुधनिया, डोंगरीपारा, पहाड़पारा सहित दर्जनभर गांव पिछले करीब 10 दिनों से गंभीर बिजली संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दिनभर में केवल दो से चार घंटे ही बिजली मिल रही है, जबकि पूरी रात बिजली रहना अब सौभाग्य की बात बन गई है। ग्रामीण रामकृष्ण शर्मा, चंद्रशेखर राजवाड़े, अमित मिश्रा, राजेश्वर, तालिब खान, पूरन और अरविंद ने बताया कि क्षेत्र में पहले कभी इतनी खराब बिजली व्यवस्था नहीं रही। लगातार कटौती से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली आपूर्ति की शिकायत लेकर यदि कोई उपभोक्ता संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) को फोन करता है तो उसका नंबर ब्लॉक कर दिया जाता है। वहीं बिजली कर्मचारी भी आम उपभोक्ताओं के फोन उठाने से बचते हैं, जिससे लोगों की परेशानियां और बढ़ जाती हैं।



खराब ट्रांसफार्मर।

**ठप हो जाता है मोबाइल नेटवर्क**

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम नगर में आसपास के गांवों की सुविधा के लिए तीन मोबाइल टावर लगे हैं, लेकिन बिजली गुल होते ही कुछ ही मिनटों में उनका बैकअप खत्म हो जाता है और सभी मोबाइल नेटवर्क एक साथ बंद हो जाते हैं, इससे आपात स्थिति में भी संपर्क करना मुश्किल हो जाता है।

**सर्पदंश का खतरा बढ़ा**

जंगल से लगे ग्राम पहाड़पारा, डोंगरीपारा और दुधनिया सहित कई गांवों में हर वर्ष सर्पदंश की घटनाएं सामने आती हैं। ऐसे में रातभर बिजली नहीं रहने से ग्रामीण भय के साए में जीवन बिताने को मजबूर हैं। बिजली नहीं होने से लोग मोबाइल चार्ज करने के लिए शहर या रेलवे स्टेशन तक जाने को विवश हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि प्रभावित गांवों में शीघ्र नियमित बिजली आपूर्ति बहाल की जाए तथा मोबाइल टावरों के लिए पर्याप्त बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# रख-रखाव के अभाव में जर्जर हो रहे लाखों के यात्री प्रतीक्षालय

हरिभूमि न्यूज. कोरिया कालरी

नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा लगभग तीन वर्ष पूर्व शहर के विभिन्न स्थानों पर यात्रियों की सुविधा के लिए लाखों रूपए की लागत से बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय आज बदहाली का शिकार हैं। यात्रियों को धूप, बारिश और अन्य मौसम की मार से राहत देने के उद्देश्य से निर्मित ये प्रतीक्षालय रख-रखाव के अभाव में धीरे-धीरे जर्जर होते जा रहे हैं।

शहर के कई प्रतीक्षालयों की छतें और दीवारें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। बैठने के लिए लगाई गई सीटें टूट गई हैं और आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कई स्थानों पर रंग-रोगन पूरी तरह उखड़ चुका है, जिससे भवनों की स्थिति बेहद खराब नजर आती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निर्माण के बाद शुरूआती कुछ समय तक ही इनकी देखरेख हुई, लेकिन बाद में निगम ने इनकी सुध नहीं ली। परिणामस्वरूप लाखों रूपए की लागत से तैयार किए गए ये सार्वजनिक ढांचे अपनी उपयोगिता खोते जा रहे हैं। नागरिकों ने नगर पालिक निगम से मांग की है कि शहर के सभी यात्री प्रतीक्षालयों का सर्वे कराकर तत्काल मरम्मत कराई जाए और नियमित रख-रखाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके तथा सरकारी धन का सदुपयोग हो।

**बदहाल हालत में चिरमिरी के यात्री प्रतीक्षालय**



बदहाल प्रतीक्षालय।

## पटना नगर पंचायत के नवनियुक्त एल्डरमेनों ने ली शपथ



शपथ के दौरान उपस्थित एल्डरमेन।

**बैकुण्ठपुर।** जिले के नगर पंचायत पटना के नवनियुक्त तीन एल्डरमेनों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित किया गया। समारोह में एसडीएम बैकुंठपुर उमेश पटेल ने नवनियुक्त एल्डरमेन जवाहर लाल गुप्ता, रितेश सिंह और श्रीमती किरण सोनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, नगर पंचायत के पार्षद एवं काफी संख्या में जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर शर्मा, रूपेश राजवाड़े, विनोद साहू, योगेन्द्र मिश्रा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, सुभाष साहू एवं शाहिद अशरफी सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन योगेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के सीएमओ प्रवीण कुमार उपाध्याय, तहसीलदार प्रतीक जायसवाल तथा स्थानीय प्रबुद्धजन राजेश सोनी, सुमन लाल तिवारी, कपिल जायसवाल, मोहम्मद समीम खान, मोहम्मद अल्ताब खान, अनवार आलम सिद्दीकी, मोहम्मद इरशाद खान, मोहम्मद इसराफिल खान, विक्कू पांडे, नागेश्वर सिंह, वर्षा साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समारोह की विशेष बात यह रही कि कांग्रेस के पार्षदों ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया, जिसकी राजनीतिक हलकों में चर्चा रही।

# ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर ग्रामीणों से लिए 100-100 रूपए

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बहरासी के आश्रित ग्राम महारडोल में ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर ग्रामीणों से कथित रूप से 100-100 रूपए वसूले जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ स्थानीय युवकों ने विद्युत विभाग का नाम लेकर घर-घर जाकर राशि एकत्र की, जबकि विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर बदलने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया गया। जानकारी के अनुसार गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने से कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। इसकी सूचना मिलने पर विद्युत विभाग ने मौके पर पहुंचकर खराब ट्रांसफार्मर को बदलते हुए बिजली आपूर्ति बहाल कर दी।

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने यह कार्य नियमानुसार और बिना किसी शुल्क के किया। इसके बावजूद ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों ने ट्रांसफार्मर बदलवाने के नाम पर प्रत्येक परिवार से 100-100 रूपए की राशि एकत्र की। ग्रामीण बीरभान ने बताया कि गांव में घर-घर जाकर रूपए लिए गए। उन्होंने इस मामले में गुड्डू, अशोक और रज्जन के नाम सामने आने की बात कही। इसी तरह ग्रामीण संजेश प्रजापति ने भी आरोप लगाया कि विद्युत विभाग का नाम लेकर ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए ग्रामीणों से राशि वसूली गई। उन्होंने इस संबंध में बबलू, रामकुमार और इंद्रभान के नाम बताए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की



**जांच कराई जाएगी**

मेरे स्टाफ के द्वारा कोई रुपए का लेन देन नहीं किया गया है। इसकी जांच करा कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आतिश एक्का,
कनिष्क अभियंता जनकपुर



## श्रद्धा महिला मंच ने मनाई राजमोहिनी देवी की जयंती

**मनेन्द्रगढ़।** श्रद्धा महिला मंच ग्राम सिरौली एवं ग्राम पंचायत सिरौली के संयुक्त तत्वावधान में गोंडवाना रत्न पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी जी की 112 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम माता राजमोहिनी देवी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से सभा को संबोधित किया गया। वहीं जनजाति गौरव समाज के संभागीय अध्यक्ष सेवा निवृत प्रधान पाठक एवं समाजसेवी परमेश्वर सिंह मरकाम द्वारा भी सभा को संबोधित करते हुए बताया गया कि माता राजमोहिनी देवी का जन्म विकासखंड वाड्रफनगर के ग्राम शारदापुर के एक साधारण गोंड समाज परिवार में 7 जुलाई 1914 को हुआ था अल्पायु में ही उनका विवाह हो गया था तथा विधि की विडंबना वश उन्हें अल्पायु में वैधव्य का सामना करना पड़ा। उनके जीवन में आए इस आकस्मिक संकट वज्रपात के कारण उनके समक्ष बच्चों के पालन पोषण की विकट समस्या आन खड़ी हुई। विपरीत परिस्थितियों का सामना करते-करते उनका धर्म आध्यात्म की ओर झुकाव हो गया। भुखमरी की कगार पर खड़ा परिवार दाने-दाने को मोहताज हो गया था और एक दिन वे कंदमूल फल की तलाश में जंगल गई परंतु दुर्भाग्यवश उन्हें उस दिन कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ। भूख प्यास से हताश निराश होकर भी सत नदी के वृक्ष नीचे चट्टान में बैठकर व्यथित होकर रोने लगी। कुछ पल बाद ध्यानस्थ हो गई। कुछ समय बाद उनका ध्यान टूटा ध्यान टूटने के पश्चात उन्हें अपने आप में अद्भुत एवं अपूर्व ऊर्जा का एहसास हुआ। उन्हें लगा जैसे कि परमात्मा ने उन्हें विशिष्ट उद्देश्य को लेकर ही इस दुनिया में भेजा है।

### नगर पालिका शिवपुर-चरचा की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# बारिश में बिना रेनकोट और सुरक्षा उपकरण के काम करते हैं कर्मी

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

जिले की नगर पालिका शिवपुर-चरचा में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली महिला स्वच्छता कर्मियों और सफाई कर्मचारियों को बरसात के मौसम में बिना रेनकोट, दस्ताने (ग्लव्स) और सुरक्षा जूतों के काम करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश के बीच कर्मचारी भींगते हुए घर-घर से कचरा एकत्र कर रहे हैं और शहर की सफाई व्यवस्था बनाए रखने में जुटे हैं।

महिला सफाई कर्मियों का कहना है कि लगभग तीन वर्ष पहले शासन की ओर से उन्हें रेनकोट, ग्लव्स, सुरक्षा जूते और साड़ी उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन उसके बाद आज तक कोई नया सुरक्षा सामग्री नहीं मिली। पुराने उपकरण पूरी तरह खराब हो चुके हैं, जिससे उन्हें जोखिम उठाकर काम करना पड़ रहा है। कर्मचारियों के अनुसार बरसात के दौरान जल भराव वाले क्षेत्रों में सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जीव-जंतु निकल आते हैं। ऐसे में बिना सुरक्षा उपकरणों के सफाई करना उनकी जान को खतरे में डालने जैसा है। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है। महिला कर्मचारियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार सुपरवाइजर और सफाई निरीक्षक को इस संबंध में जानकारी दी, लेकिन हर बार यही कहा गया कि उन्हें पहले ही जूते और ग्लव्स उपलब्ध कराए जा चुके हैं। कर्मचारियों का सवाल है कि तीन वर्ष पहले मिला सामान आखिर कितने समय तक उपयोग में लाया जा सकता है।

इस पूरे मामले ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि हर वर्ष उनके नाम पर आने वाली सुरक्षा सामग्री या तो कागजों तक ही सीमित रह जाती है या फिर उसके वितरण में अनियमितता बरती जाती है। सफाई कर्मियों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल रेनकोट, ग्लव्स, वाटरप्रूफ सुरक्षा जूते और अन्य आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि वे सुरक्षित वातावरण में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। कर्मचारियों का कहना है कि स्वच्छता अभियान की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर नगर पालिका प्रशासन गंभीर नजर नहीं आता। रोजाना बारिश में भीगकर काम करने से कई कर्मचारी सर्दी, बुखार और त्वचा संबंधी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं, फिर भी आवश्यक सुरक्षा संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि बरसात के मौसम को देखते हुए सभी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली महिला स्वच्छता कर्मियों एवं सफाई कर्मचारियों को तत्काल रेनकोट, वाटरप्रूफ जूते, ग्लव्स और अन्य सुरक्षा सामग्री वितरित की जाए। साथ ही नियमित अंतराल पर इन सामग्रियों के नवीनीकरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर को स्वच्छ रखने वाले सफाई कर्मियों की सुरक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। यदि उन्हें समय पर मूलभूत सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराए जाते, तो यह प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला माना जाएगा।



# राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति पर जोर



**बैकुण्ठपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में बुधवार को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत सदस्य एवं स्वास्थ्य समिति की सभापति श्रीमती सुषमा कोराम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में संचालित सभी राष्टीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में आगामी 13 जुलाई को कलेक्टर द्वारा आयोजित की जाने वाली समीक्षा बैठक को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक तैयारी करने तथा राष्टीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करते हुए संबंधित पोर्टलों में समय पर एवं शुद्ध जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए गए, ताकि वास्तविक प्रगति पोर्टल पर प्रदर्शित हो सके।

बैठक में गर्भवती महिलाओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, मातृ मृत्यु दर में कमी लाने, नियमित प्रसव पूर्व जांच एवं टीकाकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही जन्म के समय शून्य डोज टीकाकरण, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के पूर्ण टीकाकरण, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता तथा सतत क्षेत्रीय निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान आयुष्मान कार्ड, वय वंदना योजना, कुष्ठ (लेप्रोसी) उन्मूलन कार्यक्रम, टीबी 100 दिवसीय अभियान, एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत शुगर, ब्लड प्रेशर एवं कैंसर स्क्रीनिंग, मलेरिया, फाइलेरिया सहित अन्य सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी, जिला नोडल अधिकारी एवं महामारी नियंत्रक डॉ. अभय जुगल तिर्की, बीईई, पटना के बीएमओ डॉ. श्रेष्ठ मिश्रा, सोनहत के बीएमओ डॉ. बलवंत सिंह, बचरापोड़ी के बीएमओ डॉ. अनित बख्ला, सभी विकासखंडों के कार्यक्रम प्रबंधक, सुपरवाइजर एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों को तिलक लगाकर कराया गया शाला प्रवेश

**दतिमामोड़।** संकुल केंद्र दतिमा में संयुक्त रूप से संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को तिलक लगाकर विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया। बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक गणेश वितरण किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि सत्यनारायण जायसवाल, रामानंद जायसवाल, देवा राजवाड़े, पंकज राजवाड़े, पिंकी सिंह, उमा देवी, समीर अंसारी, शरीफ अंसारी ने संबोधित किया। अतिथियों द्वारा शिक्षा विकास का प्रवेश द्वार है एवं अच्छे समाज की कल्पना शिक्षा से ही की जा सकती है इस पर जोर दिया। साथ ही बच्चों को प्रत्येक दिन स्कूल आने, गृह कार्य करने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह द्वारा बच्चों की शिक्षा एवं परीक्षा परिणाम पर विशेष जोर दिया गया। संस्था के प्राचार्य जय विजय द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं विद्यालय भवन हेतु मांग रखी गई। विद्यालय में अध्यनरत दो बच्चों तथा दो अभिभावक को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधान पाठक चंद्रशेखर सिंह, मुश्ताक अली, मकसूद आलम, ईरीना कुजूर, परमेश्वर राजवाड़े, रेखा बारी, तिलक राज सिंह, कुंदन सिंह, अजय पटनायक, सुरेश प्रजापति, ममता सिंह, सुनीता यादव, रामकिशोर सिंह, निमहंती कुजूर, चोल साय राजवाड़े, सियाराम एक्का, रुचि देवांगन, चित्रकांत जायसवाल, लक्ष्मीकांत पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला हर्षोल्लास के साथ हुआ प्रवेश उत्सव



**सेदम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला बनियाटिकरा संकुल केंद्र मंगारी में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नव प्रवेशी बच्चों पर अतिथियों द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत कर तिलक लगाकर,लड्डू खिलाते हुए पाठ्य पुस्तक और गणवेश दिया गया। भाजपा महिला मोर्चा के श्रीमती चुरामनी दास ने सभी पालकों को नियमित शाला भेजने तथा बच्चों की पढ़ाई को हमेशा देखते रहने की बात कही। संकुल प्राचार्य विनीत कुमार पाल ने कहा कि इस क्षेत्र में यह संस्था सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार बेहतर परिणाम देता रहा है। शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए सदैव इसी प्रकार समर्पण के भाव से परिश्रम करते रहने की बात कही। संकुल समन्वयक लव कुमार गुप्ता ने लक्ष्य बनाकर कार्य करने और शासन के दिशा निर्देशों का निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु सदैव तत्पर रहने की बात कही। इस दौरान श्रीमती सुनीता पैकरा, संगल यादव, श्रवण दास, मुनेश्वर विजय पैकरा, नंदलाल श्रीमती रूपा पैकरा के अलावा प्रधान पाठक श्रीमती देवमती पैंकरा, लिली मॉरिश केरकेट्टा, विनोद दास, प्रधान पाठक गंगेश्वर पैंकरा , श्रीमती चिंतामणि सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निधन



### राम बाई

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत तेलईकछार केनापारा निवासी सेवानिवृत्त कालरी कर्मी शिवनारायण रवि की पत्नी राम बाई का बीती रात हृदयगति रुकने से निधन हो गया। वे 68 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिन्हें मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र संत लाल रवि ने दी। वे अपने पीछे पति समेत दो पुत्र एक पुत्री समेत भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गई हैं। वे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 की सदस्य कलेश्वरी कुर्रे की ननँद व लखन कुर्रे की बहन थीं।

## पुल पर बने गड्ढे ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

# भैसामुंडा महानदी पुल बना राहगीरों के लिए खतरनाक, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बनारस रोड मुख्य मार्ग पर बने महान नदी पुल की आधे अधूरे मरम्मत कार्य ने अब लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। हैरानी की बात तो यह है कि पुल पर बने गड्ढे की मरम्मत लगभग चार माह पूर्व ही किया गया था परंतु पूर्ण मरम्मत नहीं होने हालही में हुई बारिश के बाद फिर से पूर्व की भांति जगह-जगह गड्ढे हो गए है। ऐसे में अब पुल से आवागमन करना राहगीरों के लिए काफी खतरनाक हो गया है। समय रहते गड्ढों की मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले समय में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**खास बात**

- आधे अधूरे मरम्मत से सड़क हो गई जर्जर

भैंसामुंडा स्थित बनारस रोड के मुख्य एवं व्यस्ततम मार्ग पर बने महानदी पुल की स्थिति इन दिनों बेहद दयनीय हो गई है। पुल पर जगह-जगह बड़े-बड़े और गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिनमें लगातार हो रही बारिश के कारण पानी भर गया है। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुल की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग चार से पांच महीने पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल की मरम्मत कराई गई थी, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिया गया था। पुल पर बने बड़े और जानलेवा गड्ढों की सही ढंग से मरम्मत नहीं की गई, जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो गई है, क्योंकि पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और वाहन सीधे उनमें उतर जाते हैं जिससे कई दो पहिया वाहन सवार दुर्घटना के शिकार हो चुके है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कार्य किया गया था तो उसे पूर्ण रूप से क्यों नहीं कराया गया। ऐसे में संबंधित इंजीनियरों और एसडीओ की निगरानी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग ने गुणवत्ता के साथ पूरा कार्य कराया होता तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती।



जर्जर पुलिया।

### बड़ी संख्या में लोग करते है आवागमन

भैंसा मुंडा स्थित महान नदी पुल से बड़ी संख्या में दो पहिया, यात्री बस सहित भारी वाहन आवागमन करते है। ऐसे में पुल पर बने गड्ढे से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पुल के गड्ढों की मरम्मत नहीं किए जाने से ग्राम पंचायत के सरपंच, व्यापारियों और ग्रामीणों में विभाग के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि पुल की जर्जर हालत से हर दिन लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। यदि भविष्य में कोई जनहानि होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग और संबंधित अधिकारियों की होगी।

### क्षेत्र के लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि महानदी पुल पर बने सभी गड्ढों की तत्काल एवं स्थायी मरम्मत कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पुल का पूर्ण मरम्मत कार्य शुरू नहीं कराया गया तो क्षेत्रवासी चक्का जाम और उग्र आंदोलन करने को मजबूर है।

### कलेक्टर को कराएंगे अवगत

महान नदी पुल पर बने गड्ढे की मरम्मत के लिए संबंधित विभाग को सुधारने के लिए कहा जाएगा। साथ ही समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया जाएगा।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर



## अभिभावक बच्चों के संस्कारों को दे प्रमुखता : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ब्रह्मापारा में शाला प्रवेश उत्सव पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान नव प्रवेशी कक्षा पहली, छठवीं व नवमी के बच्चों को तिलक लगा एवं लड्डू खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया।

- स्वामी आत्मानंद विद्यालय में मनाया गया प्रदेश उत्सव

कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल के पहुंचने पर प्रवेश द्वार से कार्यक्रम स्थल तक पुष्प वर्षा कर छात्र-छात्राओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने विद्यालय से संबंधित मांग रखी जिसे मंत्री ने पूर्ण करने का आश्वासन दिया पार्षद राहुल त्रिपाठी व पार्षद प्रतिनिधि रोचक गुप्ता ने शाला की उपलब्धियों की सराहना की तथा शहर में और भी शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोलने की मांग रखी। मंत्री श्री अग्रवाल ने नवप्रवेशी बच्चों से भारत का भविष्य गढ़ने का आह्वान किया व अभिभावकों से कहा कि बच्चों के संस्कारों को प्रमुखता दें ताकि प्रधानमंत्री का 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में बच्चे भागीदार बने। कक्षा नवमी की 20 छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान एसएमडीसी अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, संदीप ताम्रकार, संतोष केशरी व संस्था के सभी व्याख्याता, शिक्षक तथा बड़ी संख्या में अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



## सम्मानित हुए सोनी

**अंबिकापुर।** अधिवक्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ. डीके सोनी को जनहित, सामाजिक न्याय तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्राइड ऑफ साउथर्न इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 27 जून को हैदराबाद स्थित होटल द पार्क में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री एवं राज्यसभा सांसद जया प्रदा ने प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन फाउंडर इनसाइट सक्सेस एन्ड ट्रेड मिडिया के मनीष भंसाली द्वारा किया गया। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए जाने-माने डॉक्टरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति रही। डॉ. सोनी लंबे समय से सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफ सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आरटीआई और जनहित याचिकाओं के माध्यम से कई महत्वपूर्ण मामलों को न्यायालयों तक पहुंचाया तथा अनेक मामलों में सफल कानूनी लड़ाई लड़ी है।

- फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा के करकमलों से मिला सम्मान

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं, मन्टू गुप्ता आ श्री स्व. सिंगासन साहू, आयु 36 वर्ष, जाति तेली, निवास का पता – ग्राम गोधनपुर पानी टंकी के पास में, थाना गांधीनगर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. पिन नं.497001 मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरा नाम मंटू गुप्ता/Mantu Gupta है, तथा मैं इसी नाम से अपने दोस्तो एवं आमजनों के बीच जाना एवं पहचाना जाता हूं। मेरे नाम से भारत सरकार का विशिष्ट पहचान पत्र/आधार कार्ड बना है, जिसका नं. 5126 3795 1809 है, जिसमें मेरा नाम मंटू साहू/Mantu Sahu अंकित हो गया है, जो मेरा ही नाम है। वर्तमान समय में उपरोक्त दोनो नाम मंटू गुप्ता/मंटू साहू नाम का एक मात्र व्यक्ति मैं ही हूँ। चूकि आस-पास एवं अपने दोस्तों एवं रिश्तेदारों में मुझे मन्टू गुप्ता के नाम से बुलाते एवं जानते-पहचानते है। साहू मेरा उपनाम है। एतएव मेरे आधार कार्ड संख्या 5126 3795 1809 में अंकित नाम मन्टू साहू/Mantu Sahu के स्थान पर मेरा व्यवहार में प्रचलित नाम मन्टू गुप्ता/Mantu Gupta अंकित किये जाने एवं शासकीय गजट व राजपत्र में प्रकाशन हेतु, स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित करके प्रस्तुत कर रहा हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
मन्टू गुप्ता
आ. श्री स्व. सिंगासन साहू
निवासी- ग्राम गोधनपुर पानी टंकी के पास में, थाना गांधीनगर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. पिन नं.497001

## महामाया मालवीय मिशन के सहयोगियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



महामाया मालवीय मिशन द्वारा संस्था के प्रमुख सहयोगी अनिल सिंह बठ्ठर, केएन सिंह, राजकुमार गुप्ता तथा राधे अग्रवाल को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि व्यक्ति और व्यक्तित्व की वास्तविक पहचान उसके चित्र से नहीं, बल्कि उसके चरित्र से होती है। उन्होंने संस्था की सहयोग करने वाले सभी सदस्यों की भूमिका की सराहना की। पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय ने देश के उद्योगपतियों एवं समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों से सहयोग प्राप्त कर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की। यह विश्व इतिहास का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने सभी से मालवीय जी के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस दौरान श्रीमद्भगवद्गीता के छठे अध्याय का सामूहिक पाठ किया गया। अध्याय की व्याख्या करते हुए दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंद लोगों एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग करना भी एक प्रकार का यज्ञ एवं पूजा है। कोई समय का दान करता है तो कोई धन का, दोनो का अपना-अपना महत्व है। प्रकाश कश्यप ने कहा कि कोई भी संगठन जन-जन की पवित्र भावनाओं से संचालित होता है। महामाया मालवीय मिशन, महामना मालवीय के आदर्शों को समाज में स्थापित करने के उद्देश्य से नियमित गीता पाठ, आध्यात्मिक संगोष्ठी, परिवार प्रबोधन, साहित्यिक गतिविधियां, पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण तथा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में व्याख्यानमाला जैसे अनेक रचनात्मक कार्यक्रम संचालित कर रहा है। डॉ.वीके सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन की पहचान उसके कार्यों से होती है। मिशन निरंतर समाज एवं राष्ट्रहित के विषयों पर कार्य करता है तथा समय-समय पर समसामयिक विषयों पर सकारात्मक जनजागरण का कार्य भी करता है। कार्यक्रम श्रीमती पूनम दुबे की सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। अंत में रणविजय सिंह तोमर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन छोटा हो या बड़ा उसकी पहचान उसके कार्यों से होती है। संस्था की निरंतर सक्रियता और समाजोपयोगी गतिविधियों के कारण वरिष्ठ समाजसेवी भी सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इस दौरान ललित मोहन तिवारी, रामनारायण शर्मा, जय प्रकाश चौबे, श्याम बिहारी पाण्डेय, केडी दुबे, जय कुमार गुप्ता, हरिशंकर सिंह, राज नारायण द्विवेदी, अशोक सोनकर, मुकुंदलाल साहू, अजय श्रीवास्तव, आशा पाण्डेय, माधव शर्मा आदि उपस्थित थे।

## प्रयास में कक्षा 11वीं के रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री से प्रवेश हेतु आवेदन 15 तक

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर (घंघरी) के कक्षा 11वीं में रिक्त सीटों की पूर्ति लेटरल एंट्री के माध्यम से किया जाना है। जीव विज्ञान, गणित में कुल 10 सीट जिसमें बालक 5 एवं कन्या 5 रिक्त सीट है, रिक्त सीटों की संख्या परिवर्तनीय है। उन्होंने बताया कि ऑफलाईन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई अपरान्ह 5 बजे तक निर्धारित है। प्राप्त आवेदन पत्रों के पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन 17 जुलाई किया जाएगा। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा तिथि 20 जुलाई प्रातः 11 बजे से 1.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर (घंघरी) में आयोजित होगी। परीक्षा परीणाम 23 जुलाई को घोषित होंगे। आवेदक आवेदन का प्रारूप कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त कर सकते हैं साथ ही कार्यालय कलेक्टर जिला सरगुजा के वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है।

## ग्रामीण बैंक की नई शाखा का वर्चुअल शुभारंभ

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की रामानुजगंज शाखा का नवीन भवन में स्थानांतरण होने के बाद सोमवार को प्रधान कार्यालय रायपुर से वर्चुअल माध्यम से शाखा का शुभारंभ किया गया। नए भवन में बैंक का संचालन प्रारंभ होने से क्षेत्र के ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक, आधुनिक एवं बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध होंगी।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय से वरिष्ठ प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, शाखा प्रबंधक अमित कुमार, अधिकारी पंकज कुमार सहित शाखा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नवीन शाखा भवन को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूर्णतः वातानुकूलित, स्वच्छ एवं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित शाखा का वातावरण ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने उपस्थित ग्राहकों को बैंक की विभिन्न बचत एवं ऋण योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं तथा अन्य आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। बैंक प्रबंधन ने बताया कि नवीन भवन में स्थानांतरण के साथ ग्राहकों को पहले की अपेक्षा अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण में बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध होंगी।



## नाम परिवर्तन सूचना

मै, केएम दिव्या कुमारी पति शनि दत्त जाति चमार उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम रघुनाथनगर तहसील रघुनाथनगर जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं। मेरा वास्तविक नाम केएम दिव्या कुमारी (KM DIBYA KUMARI) पति शनि दत्त है जो कि मेरा 10वीं, 12 वीं के अंकसूची में भी मेरा यही नाम दर्ज है। मेरा नाम केएम दिव्या कुमारी (KM DIBYA KUMARI) पति शनि दत्त है मेरा जन्म ग्राम बभनी तहसील दुद्धी जिला सोनभद्र (उ.प्र.) में हुआ है जो कि मेरा वास्तविक जन्मतिथि 28.01.1995 है। मेरा आधार कार्ड नं० 892423987865 है में मेरा नाम दिव्या (DIVYA) त्रुटिवश दर्ज किया गया है। मेरे द्वारा प्रस्तुत समस्त जानकारी सत्य है यदि उक्त कण्डिका में दी गई जानकारी गलत पाया जाता है तो उसका स्वयं जिम्मेदार रहूँगा। मै उक्त जानकारी अपने इस शपथ पत्र के द्वारा राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने के संबंध में प्रस्तुत है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
केएम दिव्या कुमारी
पति शनि दत्त
निवासी- ग्राम गोधनपुर पानी टंकी के पास में, थाना गांधीनगर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. पिन नं.497001

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 12 जुलाई 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
CGHS से मान्यता प्राप्त
हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

सरगुजा मार्केट

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे
शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING
·DEEMED COLLEGE
·COUNSELLING
·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
·FORM FILLUP ASSISTANCE
·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA
9109920477

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### बिश्रामपुर की रुक्मिणी पाल को मिली पीएचडी की उपाधि



**बिश्रामपुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा द्वारा बिश्रामपुर निवासी रुक्मिणी पाल को भारत की विभीषिका और हिन्दी उपन्यास स्त्री जीवन के विशेष संदर्भ विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। इस उपलब्धि के साथ ही वे अब डॉ रुक्मिणी पाल के नाम से पहचानी जाएंगी। उनकी इस सफलता पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। रुक्मिणी पाल ने यह शोध ग्रंथ शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय नागपुर के प्राचार्य डॉ रामकिंकर पांडेय के शोध निदेशन में पूर्ण किया,अपने शोध में उन्होंने हिन्दी उपन्यास साहित्य में भारत की विभीषिका के चित्रण का विशेष रूप से स्त्री जीवन के संदर्भ में गहन अध्ययन एवं विश्लेषण प्रस्तुत किया है।

### मधु बनी अग्रवाल महिला सभा की अध्यक्ष



**अंबिकापुर।** अग्रवाल महिला सभा का चुनाव संपन्न कराया गया। अग्रवाल महिला सभा की बैठक में चुनाव कार्यक्रम का आगाज अग्रसेन महाराज के पूजा अर्चना के साथ कराया गया। इस दौरान सर्व सम्मति से श्रीमती मधु अग्रवाल को सभा का नया अध्यक्ष मनोनित किया गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष श्रीमती मधु गर्ग, श्रीमती ममता गर्ग, सचिव श्रीमती अंजू पोद्दार, सह सचिव श्रीमती मंजू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती मनीषा गोयल, मीडिया प्रभारी श्रीमती कविता अग्रवाल को मनोनित किया गया। इस दौरान नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती मधु अग्रवाल ने कहा कि वे और उनकी टीम अपने उत्तरदायित्वों का निष्ठा, समर्पण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करते हुए समाज की अपेक्षाओं पर पूर्णतः खरे उतरेंगे तथा अग्रवाल समाज के प्रत्येक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाकर महिला सभा को नई ऊंचाइयों पर पहुचाएंगी। समाज के युवाओं को सही मार्गदर्शन देंगे ताकि वह अपने रस्ते से भटके नहीं,हमारे युवा ही समाज की नींव है। इस दौरान कार्यक्रम में अग्रवाल सभा अध्यक्ष संजय मित्तल, सचिव संजय अग्रवाल, सदस्य पूर्व अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल नीलिमा गोयल, प्रेमलता गोयल, लक्ष्मी अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, उमा अग्रवाल मंजू गोयल सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्रों की गूंज का प्रसारण



**वाड्रफनगर।** राजीव गांधी चौक पर कोटा में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम का प्रोजेक्टर से सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर यादव, प्रदेश सचिव रामदेव जगते, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवनारायण मरावी, अध्यक्ष प्रतिनिधि अश्विनी यादव, जिला उपाध्यक्ष मानिस अब्दुल्ला, जिला महामंत्री अमित यादव सहित पार्षद पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रेल निर्माण समिति गांव-गांव में चला रही हस्ताक्षर अभियान

# दशकों पुरानी अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन निर्माण की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



रेलवे द्वारा प्रस्तावित अम्बिकापुर-गढ़वा रोड रेल लाइन को विशेष दर्जा देने एवं केंद्र शासन द्वारा इसकी अधिसूचना प्रकाशित करने के बाद बलरामपुर के रेल संघर्ष समिति ने अंग्रेजों द्वारा आजादी के पूर्व प्रारंभ की गई अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन की स्वीकृति देने की मांग कर एक विवाद खड़ा कर दिया है। समिति के पदाधिकारी अपनी मांग के समर्थन में गांव-गांव भ्रमण कर हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं साथ ही पुराने रेल मार्ग का जियो टैगिंग कर रहे हैं।

**खास बात**

- प्रस्तावित रेल मार्ग निर्माण कार्यों का किया जा रहा जियो टैगिंग

रेलवे द्वारा पूर्व में बलरामपुर जिलान्तर्गत प्रस्तावित बलरामपुर-गढ़वा रोड रेल लाइन निर्माण का सर्वे कराया जा रहा था। सर्वे में ग्राम पंचायत जाबर में रेलवे जंक्शन प्रस्तावित था। प्रस्तावित नई रेल लाइन के सर्वे से ग्रामीण अपनी कृषि भूमि अधिग्रहित होने के डर से भयभीत थे तथा दशकों पुरानी अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन को स्वीकृत करने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों द्वारा लगातार विरोध करने के बावजूद जब सर्वे नहीं रूका तो ग्रामीणों ने न्यायलय की शरण ली जिसके बाद नई रेल लाइन के सर्वे का कार्य रोक दिया। हाल ही में रेलवे द्वारा प्रस्तावित अम्बिकापुर-गढ़वा रोड रेल लाइन को विशेष दर्जा देने एवं इस संबंध में अधिसूचना प्रकाशित करने के बाद सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं तथा रेल निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले आजादी के पूर्व अंग्रेजों द्वारा प्रारंभ की गई अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल परियोजना को स्वीकृति देने की मांग तेज कर दी है। संघर्ष समिति के सदस्यों का कहना है कि पूर्व में इस रेल लाइन के लिए उनकी भूमि अधिग्रहित की गई है।

इस परियोजना के तहत पूर्व में कई पुल-पुलियों का निर्माण किया गया है साथ ही कुछ स्थानों पर रेल लाइन भी बिछाई गई है। कुछ स्थानों पर प्लेटफार्म निर्माण का भी कार्य किया गया है। इतना सबकुछ होने के बाद भी इसका उपयोग नहीं हो रहा है। प्रस्तावित पुराने रेल मार्ग का निर्माण होने से बलरामपुर, बरगढ़ भंडरिया क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। संघर्ष समिति के सदस्य गांव-गांव जाकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं साथ ही प्रस्तावित पुराने रेल मार्ग की जियो टैगिंग कर रहे हैं।

### जल्द मिल सकती है स्वीकृति

इधर जानकार अम्बिकापुर-गढ़वा रोड प्रस्तावित रेल मार्ग को जल्द स्वीकृति मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। जानकारों के अनुसार रेलवे द्वारा पूर्वोत्तर के राज्यों में संचालित थर्मल पावर इकाइयों सहित अन्य उद्योगों में समय पर इंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस वैकल्पिक मार्ग का चयन किया गया है। प्रस्तावित रेल मार्ग से एमसीएल, वसुंधरा कोल ब्लाक, मांड एसईसीएल, सीआईएल आदि का कोयला सिंगरौली, यूपी, उत्तराखण्ड, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब एवं जम्मू कश्मीर के थर्मल पावर परियोजनाओं तक कोयला परिवहन करने के लिए उपयोग किया जाएगा। रेलवे द्वारा 261 किमी लम्बी प्रस्तावित रेल परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ में 145 किमी, झारखण्ड में 116 किमी, सरगुजा में 2.4 किमी, सूरजपुर में 26.45 किमी एवं बलरामपुर में 116.57 किमी लम्बी रेल लाइन का निर्माण प्रस्तावित है। कोयला परिवहन के साथ ही प्रस्तावित रेलमार्ग का उपयोग यात्री ट्रेनों के परिचालन के लिए किया जाएगा।

### जुड़ सकते हैं अन्य रेलमार्ग

प्रस्तावित रेल मार्ग की उपयोगिता को देखते हुए अन्य रेल मार्गों की स्वीकृति भी मिलने की संभावना जताई जा रही है। प्रस्तावित रेल परियोजना के डीपीआर में विश्रामपुर, रंका-अभरणा में वाई लेग जोड़ कर रेणुकूट की ओर एवं दूसरी रेल लाइन गढ़वारोड के रास्ते सोननगर होते हुए बिहार राज्य की ओर ले जाने का प्रस्ताव है। घाटे का सौदा होने के कारण रेलवे ने डीपीआर में व्यापक बदलाव किया है तथा शाखा रेल लाइन के रूप में बरवाडीह मार्ग को शामिल किया है। रेलवे द्वारा पूर्व में कई रेल मार्गों का सर्वे कराया है। प्रस्तावित रेल मार्ग के साथ अन्य रेल मार्गों की भी स्वीकृति मिलने का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

### चल रहा हस्ताक्षर अभियान

गया

प्रस्तावित अम्बिकापुर गढ़वा रोड रेल परियोजना अच्छी है। इसका निर्माण होना चाहिए। हमारी मांग दशकों पुरानी प्रस्तावित अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल मार्ग को स्वीकृति देने की है। इस मार्ग के लिए संघर्ष समिति गांव-गांव में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

-श्रीकांत सिंह
सरपंच एवं सदस्य रेल निर्माण समिति बलरामपुर

# यूकेलिप्टस की अवैध कटाई पर प्रशासन की कार्रवाई, लकड़ी लोड वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



ग्राम सिधमा में यूकेलिप्टस की अवैध कटाई करने के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। यूकेलिप्टस पेड़ की कटाई कर रखे लकड़ी की जानकारी सामने आने के बाद एसडीएम देवेंद्र प्रधान के निर्देश पर बरियों के नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर ने राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान बड़ी मात्रा में कटे हुए यूकेलिप्टस के लट्ठे बरामद किए गए। जब्त लट्ठे लगभग दो ट्रक बताया गया। साथ ही लकड़ी परिवहन में प्रयुक्त एक आईसर वाहन को भी जब्त किया गया।

प्रशासनिक जांच में सामने आया कि ग्राम सिधमा निवासी सुरेश जायसवाल की भूमि पर यूकेलिप्टस के पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों का भंडारण किया गया था तथा कुछ लकड़ी वाहनों में लोड भी की जा चुकी थी। जब्त की गई लकड़ी और वाहनों को नियमानुसार भूस्वामी के सुपुर्द किया गया है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन एसडीएम कार्यालय को भेजा गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से बाहरी लकड़ी तस्करों और लकड़ी कारोबारियों द्वारा अनुमति का हवाला देकर बड़े पैमाने पर यूकेलिप्टस पेड़ की कटाई की जाती है। कटी हुई लकड़ियों को एकत्रित कर बाद में भारी वाहनों से दूसरे राज्यों में भेज दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि समय-समय पर प्रशासन कार्रवाई करता है, लेकिन अवैध कटाई पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पा रहा है। लकड़ी की अवैध कारोबार करने वाले व्यक्तियों के हौसले इतने बुलंद होते जा रहे हैं कि प्रशासन की कार्रवाई पर भी कोई असर नहीं हो रहा है जिससे उनके हौसले बुलंद हो गए है।

### नियमानुसार की जा रही कार्रवाई

जांच के दौरान लगभग दो ट्रक यूकेलिप्टस की कटी लकड़ी तथा परिवहन में प्रयुक्त वाहन जब्त किए गए हैं। पूरे प्रकरण की रिपोर्ट एसडीएम को भेज दी गई है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

-**नरेंद्र कंवर**, नायब तहसीलदार

## पेज 1 के शेष...

### रात्रि गस्त के दौरान डायल...

दर्ज कर लिया है। दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज कर रही है, ताकि हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया कि डायल-112 वाहन दुर्घटना के मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया पिकअप चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### डीजीपी ने गोल्डन आवर...

राहवीर योजना का प्रोत्साहन राशि प्रदान कराया गया है इसके अतिरिक्त रेंज के जिला इकाईयों में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों ?गोल्डन ऑवर? में अस्पताल व ट्रामा सेंटर पहुंचाने में मदद करने वाले व्यक्तियों की राह-वीर योजना के अंतर्गत प्रतिवेदन तैयार कर प्रोत्साहन राशि हेतु पत्राचार किया गया है। इस दौरान आईजी दीपक कुमार झा ने राह-वीर योजना के बारे में आम जनता से आह्वान करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में समय पर ईलाज न मिलने से होने वाली मौतों को रोकने में आम जनता बिना किसी डर के साथ दुर्घटना में घायल व्यक्ति का तत्काल गोल्डन ऑवर में अस्पताल व ट्रामा सेंटर पहुंचाने में मदद करें जिससे कि घायल व्यक्ति की जान बचे। ऐसे नेक कार्य व मानवीय संवेदनशीलता के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने वाले गुड सेमेरिटन नागरिकों को इस राह-वीर योजना के तहत भविष्य में सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा।

# केवाईसी के नाम पर 113 महिलाओं के नाम से 926 बोरी यूरिया और 54 बोरी डीएपी निकालने का आरोप



**राजपुर।** ग्राम पंचायत कुंदीकला में महतारी वंदन योजना के केवाईसी के नाम पर महिलाओं के आधार कार्ड का कथित दुरुपयोग कर उनके नाम से बड़ी मात्रा में खाद निकाले जाने का मामला गरमाता जा रहा है। गांव की लगभग 60 महिलाएं राजपुर थाना पहुंचीं और मामले में हुई कार्रवाई की जानकारी ली। इस दौरान नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर एवं थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने महिलाओं को जांच की प्रगति से अवगत कराया, जिसके बाद महिलाएं ज्ञापन सौंपकर वापस लौट गईं।

- कार्रवाई की मांग को लेकर महिलाएं पहुंचीं थाना

ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले की शिकायत पहले 25 जून को कलेक्टर के नाम एसडीएम को तथा राजपुर थाना में की गई थी। इसके बाद 26 जून को एसडीएम को भी लिखित आवेदन देकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने महतारी वंदन योजना के केवाईसी के नाम पर महिलाओं के आधार कार्ड का उपयोग कर बिना उनकी जानकारी के उनके नाम से यूरिया एवं डीएपी खाद का आहरण कर लिया। समय पर कार्रवाई नहीं होने से किसानों को खेती के लिए आवश्यक खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि 11 जुलाई तक सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। मांग पूरी नहीं होने पर 13 जुलाई को थाने के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग-343 पर चक्का जाम किया जाएगा।

इस संबंध में नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद जांच कर प्रतिवेदन एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर को भेज दिया गया है। जांच में 113 महिलाओं के नाम से 926 बोरी यूरिया एवं 54 बोरी डीएपी खाद निकाला जाना पाया गया है। प्रारंभिक जांच में दीपक शांडिल्य के नाम से संचालित सीएससी सेंटर तथा उसके भाई विनोद शांडिल्य की संलिप्तता सामने आई है। उन्होंने महिलाओं को जांच की स्थिति से अवगत कराया और आश्वस्त किया गया है कि दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी।

## स्कूल के सामने जेब्रा क्रॉसिंग, स्पीड ब्रेकर और साइन बोर्ड लगाने की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेवारी के सामने मुख्य मार्ग पर विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्यालय के सामने जेब्रा क्रॉसिंग, स्पीड ब्रेकर तथा विद्यालय का सांकेतिक साइन बोर्ड स्थापित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि विद्यालय से सटे मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का आवागमन रहता है। इस मार्ग से तेज रफ्तार भारी एवं अन्य वाहन गुजरते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पूर्व में भी यहां कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में चिंता का माहौल है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेवारी के प्राचार्य द्वारा छात्र हित को देखते हुए मार्ग पर सुरक्षा संबंधी इंतजाम कराने की मांग की है।

## आधा दर्जन तहसीलदार व नायब तहसीलदारों का तबादला

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर सूरजपुर ने जिला राजस्व स्थापना अंतर्गत प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के प्रभार में परिवर्तन करते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी गई है,आदेश के अनुसार ओड़गी तहसीलदार चंद्रशीला जायसवाल को लटोरी तहसीलदार नियुक्त किया गया है, यहां तहसीलदार रहे सुरेंद्र पैकरा का तबादला जशपुर होने के बाद उन्हें नए कार्यस्थल के लिए भारमुक्त कर दिया गया है,बैकुंठपुर से गत माह तबादला के बाद सूरजपुर जिले में आई अमृता सिंह को ओड़गी तहसीलदार का कार्यभार सौंपा गया है।नायब तहसीलदार करमचंद जाटवर बिहारपुर तहसील के प्रभारी तहसीलदार नियुक्त किए गए हैं।नायब तहसीलदार बिंदेश्वर प्रजापति को बिहारपुर तहसील से लटोरी तहसील पदस्थ किया गया है,नायब तहसीलदार शैलेन्द्र कुमार को लटोरी से जिला कार्यालय संलग्न किया गया है,जो वेतन भत्तों का आहरण संवितरण तहसील सूरजपुर का कार्य देखेंगे। उक्त आदेश कलेक्टर ने मंगलवार 7 जुलाई को जारी किया है।

- चंद्रशीला जायसवाल लटोरी एवं अमृता सिंह ओड़गी तहसीलदार नियुक्त, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736







